pib.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

*****

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कैबिनेट द्वारा वस्त्र उद्योग के लिए PLI (Production Linked Scheme) योजना को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया

"पिछले 7 वर्षों में टेक्सटाइल क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई सार्थक कदम उठायें हैं

आज उसी दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए मोदी जी के नेतृत्व में कैबिनेट ने वस्त्र उद्योग के लिए ₹10,683 करोड़ की PLI योजना को मंजूरी दी है"

"इस दूरदर्शी निर्णय से वैश्विक कपड़ा बाजार में भारत का प्रभुत्व बढ़ेगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 7.5 लाख रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे जिससे विशेषकर महिलाएं और सशक्त होंगी"

"इस कल्याणकारी निर्णय के लिए मैं श्री नरेन्द्र मोदी जी का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ"

नई दिल्ली, 8 सितंबर, 2021

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कैबिनेट द्वारा वस्त्र उद्योग के लिए PLI (Production Linked Scheme) योजना को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। अपने ट्वीट्स में श्री अमित शाह ने कहा कि "पिछले 7 वर्षों में टेक्सटाइल क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई सार्थक कदम उठायें हैं। आज उसी दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए मोदी जी के नेतृत्व में कैबिनेट ने वस्त्र उद्योग के लिए ₹10,683 करोड़ की PLI योजना को मंजूरी दी है"।

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने कहा कि "इस दूरदर्शी निर्णय से वैश्विक कपड़ा बाजार में भारत का प्रभुत्व बढ़ेगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 7.5 लाख रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे जिससे विशेषकर महिलाएं और सशक्त होंगी।इस कल्याणकारी निर्णय के लिए मैं श्री नरेन्द्र मोदी जी का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ"।

https://twitter.com/AmitShah/status/1435568312063180801?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1435568339145744385?s=20

****

एनडब्ल्यू/आरके/एडी/आरआर